हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शनिवार, 01 दिसम्बर 2012, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

छात्रों को बताए मृदा संरक्षण के तरीके

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रही इंसपायर 2012 के मौके पर छात्रों को मदर अर्थ यानि मिट्टी के संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया गया। पर्यावरणविद प्रो. दिनेश कुमार ने मदर अर्थ पर चर्चा करते हुए बताया कि पृथ्वी पर सूक्ष्म उपजाऊ क्षेत्र है, लिहाजा हमें उस क्षेत्र का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष 25 लाख टन ऊपरी मृदा क्षरण हो जाती है। इसलिए मृदा संरक्षण के उपायों को जानना जरूरी है। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण के लिए कई तरीके भी सुझाए। आईआईटी एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के डा. प्रभाकर गुप्ता ने छात्रों को वीडियो द्वारा गणित के इतिहास व विकास से बारे में जानकारी दी। सही उत्तर देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया।